शहर भगवा ध्वज से पट गया, अनेक जगह होंगे स्वागत

भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगी जया किशोरी की भागवत कथा

महू » दबंग रिपोर्टर

जया किशोरी भक्त मंडल महू द्वारा अंतरराष्ट्रीय सुप्रसिद्ध कथावाचक जया किशोरी के मुखारविंद से देवी अहिल्याबाई होल्कर खेल परिसर महू दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक 3 अगस्त से भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा।

जो 9 अगस्त तक चलेगी कथा के प्रारंभ में 3 अगस्त को सुबह 9 बजे गर्ल्स स्कूल चौराहे से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं कलश लेकर चलेगी उनके साथ जया किशोरी भव्य रथ पर बैठकर चलेगी यात्रा गोपाल मंदिर कोतवाली चौक मेन स्ट्रीट अग्रसेन चौराहा ड्रीमलैंड मानक चौक फूल चौक मोती चौक हरी फाटक आदि मुख्य मार्गो से कथा स्थल पहुंचेगी यात्रा मार्ग पर एवं कथा स्थल पर भगवा ध्वज एवं पोस्टर शहर को सजाया गया है प्राप्त जानकारी अनुसार यात्रा मार्ग पर मंच लगाकर धार्मिक सामाजिक 50 से अधिक संस्थाएं यात्रा का स्वागत करेंगे. संपूर्ण शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में धार्मिक माहौल बन गया है।

भागवत कथा के संयोजक एवं मुख्य जजमान जीतू ठाकुर द्वारा बताया गया कि भागवत कथा की एवं निकलने वाली कलश यात्रा की पूर्ण तैयारियां कर ली गई है और धर्म प्रेमी जनता से निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर धर्म गंगा का लाभ लें श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए वाटर प्रूफ टेंट एवं जमीन पर वुडन लगाया गया है।

आलोक शर्मा ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

ग्वालियर। चुनावी रणनीति के चलते अपनी-अपनी दावेदारी यों के लिए कई दावेदार अपने-अपने नेता के यहां जा रहे हैं तो कई धार्मिक स्थलों पर गोठ के माध्यम से कार्यकर्ताओ की बैठक ले रहे हैं। घाटीगांव स्थित हनुमान मंदिर पर आलोक शर्मा द्वारा धुंआ के हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ के साथ कार्यकर्ताओ की बैठक ली। और क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने के लिए भाजपा सरकार की केंद्र एवं प्रदेश में चलाई जा रही नीतियों से अवगत भी कराया। ज्ञात रहे कि चुनावी माहौल के चलते नेता इस वक्त टिकट की जुगत में लगे हुए हैं, जिसके चलते धार्मिक स्थलों पर बैठक कर कार्यकर्ताओ से रूबरू हो रहे हैं और कई नेता अपने पार्टी हाईकमान के यहां चक्कर लगाना प्रारंभ कर दिए हैं।

पौधे लगाकर पुलिस के सुपुर्द किए

पीथमपुर » दबंग रिपोर्टर

सोमवार को सावन सोमवार के उपलक्ष में एक पौधा लगाएं ताकि आने वाली पीढ़ी को सुधारा जा सके इसके लिए सेक्टर नंबर 3 की मेटलमेन ऑटो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा संजय जलाशय पुलिस चौकी स्टेशन पीथमपुर को कंपनी द्वारा 45 ड्रम में पोधे लगाकर नगर पुलिस अधीक्षक अरुणेंद्र सिंह बघेल की टीम को सुपुत्र किया। ताकि पुलिस चौकी के आसपस स्वच्छ वातावरण बना रहे और हवादार पौधे होने से वातावरण अनुकुल और सुंदर दिखे कि शोभा बडाने का एक अच्छा मोका मिला सभी ड्रम में पौधे लगाकर ड्रम को पुलिस स्टेशन में दिया इस दोरान पुलिस एएसआई अनिल सिंह राजावत को कंपनी के प्लांट हेड सतीश कुमार पांडे और राजेश अग्रवाल,आशुतोष चौरे, बलराम यादव, अनिल कुमार झा,और कंपनी के मानव संसाधन विभाग से किरण पाटील, जयश बेंडवल, शरद सोळुंकै और कर्मचारी उपस्थित थे।

बच्चे को पुस्तक और गणवेश की भेंट

महू। रोटरी क्लब महू द्वारा गरीब बच्चे को पुस्तक और गणवेश भेंट किए।

अध्यक्ष भूपेश तिवारी एवं सचिव लकी खंडेलवाल द्वारा अथर्व आंद्रे को गणवेश एवं पुस्तक प्रदान की गई इस कार्यक्रम मे क्लब के वरिष्ठ सदस्य डॉ राकेश शारदा, ऋषि राज शर्मा, धर्मेंद्र सावलानी, शैलेंद्र शुक्ला, आशीष जैन, मनीष शुक्ला, विजय गोयल आदि उपस्थित रहे। इस सराहनीय कार्य के लिए गोपाल बंसल, डॉ राहुल मेवाडा, राजेश सिंघल, विजय गोयल, प्रकाश वर्मा, सुनील पाटीदार द्वारा सहयोग दिया गया।

कलवर्ट को सुधारने का कार्य शुरू

महू » दबंग रिपोर्टर

छोटी कलाली चौराहे पर विगत दिनों नर्मदा की द्वितीय चरण की लाइन में लीकेज हो गया था। जिसे सुधारने के लिए नर्मदा जल प्रदाय विभाग द्वारा यहां पर गड्ढा खोदा गया था। साथ ही यहां पर बनी हुई कलवर्ट को भी तोड़ दिया गया था। और यहां पर गड्ढा भी जस का तस खुदा पड़ा था। साथ ही कलवर्ट भी खुदी हुई पड़ी थी। जिसे सुधारने का कार्य अब करीब १५ दिन बाद शुरू किया। हालांकि अभी सिर्फ एक स्लैप डाली है। जिसके सुखने के बाद आगे का कार्य शुरू किया जाएगा।

छोटी कलाली चौराहे पर करीब 15 दिनों पहले से नर्मदा गड्ढा खुदा हुआ पड़ा था। जिसे सुधारना का कार्य अब जाकर शुरू किया गया। हालांकि काम बहुत ही धीमी गति से किया जा रहा है। चुंकि बारिश का मौसम है। और सीमेंट, गिट्टी व रेती के मिश्रण को सुखने में समय लगेगा।

इसलिए अभी सिर्फ एक स्लैप डाली है। जैसे ही यह सुख जाएगी। अगली स्लैप डालकर आगे का कार्य शुरू किया जाएगा। वहीं इस बारे में नगर निगम इंदौर नर्मदा जल प्रदाय विभाग के सब इंजीनियर दीपक प्रेमी ने बताया कि कलवर्ट को बनाने का कार्य पूर्व में भी शुरू किया गया था, लेकिन उस वक्त तेज बारिश शुरू हो गई थी। जोकि प्रतिदिन गिर रही थी। जिसके चलते काम रोकना पड़ा था। मंगलवार को एक बार फिर काम शुरू कर एक वॉल बनाई गई। और बारिश होने लगी। जिस कारण काम वापस बंद करना पड़ा। और बारिश के कारण ही धीरे - धीरे कार्य किया जा रहा है।

राष्ट्रकवि गुप्त की जयंती के पूर्व पौधरोपण किया

ग्वालियर। गहोई वैश्य समाज रजि बृहतर ग्वालियर के द्वारा राष्ट्रकवि डॉ. मैथिलीशरण गुप्त की जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम की शृंखला में बुधवार बुधवार को सुबह 10 बजे पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में घनश्याम सेठ मन की बात ने अपनी काव्य रचना-कहें कवि घनश्याम भाइयों सुनिये मन की बात, परोपकारी वृक्ष लगाएं गहोई समाज के साथ प्रस्तुत की। पौधरोपण में गनपत राम नीखरा, दिलीप तपा, सुधीर गुप्ता, जेपी गहोई, घनश्याम दास कंथरिया, राधेश्याम सेठ, सियाराम निगोती, रानी सेठ, माधवी रावत, कामिनी कनकने, मुकुट पहारिया, अजय सेठ, वीरेन्द्र सेठ, रवि नौगरैया,अनिल कुमार नीखरा, नीरज, सुरेश निगोती, भरत निवास कुरैले, ओमप्रकाश कंथरिया, राजीव नीखरा, रमेश कनकने, हरि शंकर तपा, मनीष लहारिया, पंकज बरैया, राजीव कुचिया, के के रूसिया, दिनेश कनकने, प्रवीण रेजा, वरूण कस्तवार सहित सभी पंचायतों के पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधु उपस्थित हुए।

काव्यपाठ आज- गुरुवार को प्रातः10 बजे गुब्बारा फाटक लोहिया बाजार स्थित गुप्तजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं कवियों द्वारा काव्य पाठ होगा।

मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष का गृहमंत्री मिश्रा ने किया सम्मान

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर

दतिया में मप्र राज्य कर्मचारी संघ का प्रांतीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश भर के संघ के पदाधिकारियों ने भाग लिया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि नरोत्तम मिश्रा गृह मंत्री मप्र शासन शामिल रहे।

प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने मंत्री नरोत्तम मिश्रा के समक्ष कर्मचारियों की लंबित मांगों को निराकरण के लिए सहयोग देने का सभी प्रदेश के कर्मचारीओ की ओर से आश्वासन चाहा, जिसे मंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर लिया।

संघ के प्रदेश मुखिया जितेंद्र सिंह का शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। ग्वालियर से सम्मेलन में मप्र राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह परमार, धनीराम कुशवाह, धर्म सिंह नरवरिया, सोहन सिंह, परमाल सिंह तोमर समेत प्रदेश भर के पदाधिकारीगण शामिल हुए। सभी ने संगठन को मजबूती से कर्मचारी हित में काम करने का संकल्प लिया।

आनंद नगर आवासीय योजना के तहत लिया था भूखंड

प्लॉट का जो हिस्सा दिया ही नहीं, उसका लीज रेंट वापस करें जीडीए

पिता ने शुरू की थी कानूनी लड़ाई, बेटों को मिलेगी ब्याज सहित लीज रेंट की राशि

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर

प्रधान जिला न्यायाधीश पीसी गुप्ता ने ग्वालियर विकास प्राधिकरण को आदेश दिया है कि वह अपीलार्थी मनोज प्रकाश अरोरा, नवीन अरोरा, ओमप्रकाश अरोरा पुत्रगण आत्मप्रकाश को भूखण्ड का जो हिस्सा उन्हें आवंटित ही नहीं हुआ है, उस पर लिए गए लीज रेंट को ब्याज सहित वापस करें।

अपीलार्थियों के पिता ने अपनी नौकरी के दौरान जीडीए से प्लॉट लिया था, लेकिन ने रिटायर होने तक जीडीए से कब्जा नहीं ले पाए थे। न्यायालय ने आदेश दिया कि जीडीए आत्मप्रकाश के बेटों को लीज रेंट पर 6 प्रतिशत की दर से ब्याज भी अदा करे। आत्मप्रकाश ने 1991 में जीडीए से यह प्लॉट लिया था। जिस पर वे नौकरी के दौरान तमाम प्रयासों के बाद भी कब्जा नहीं ले पाए थे।

ग्वालियर विकास प्राधिकरण ने आनंदनगर आवासीय योजना बहोड़ापुर ग्वालियर के नाम से आवासीय भूखण्ड आवॉटेट करने बाबत योजना जारी की थी। इसके अधीन वादी एवं अपीलार्थी स्व. आत्मप्रकाश पंजाबी ने आवेदन किया था।

जीडीए ने उन्हें इस योजना में भूखण्ड क्रमांक 367 आवॉटेट किया था, जो 11 मीटर चौड़ा और 18 मीटर लंबा था। प्रतिवादी जीडीए ने आवॉटेट भूखण्ड का मूल्य 34,850 रुपए प्राप्त कर पट्टा विलेख संपादित किया। इस पर निर्माण की स्वीकृति भी दी गई। इसके बाद आत्मप्रकाश पंजाबी इस पट्टे पर कब्जा लेने के लिए जीडीए में चक्कर काटते रहे, लेकिन उन्हें जीडीए ने कब्जा नहीं दिलाया।

इसके लिए वे इंजीनियर से भी मिले, लेकिन कुछ नहीं हुआ। आत्मप्रकाश स्वयं लोक निर्माण विभाग में कार्यरत थे। ट्रांसफर होने के कारण वे अपने भूखण्ड पर निर्माण नहीं कर सके। इस कारण जीडीए ने उनसे निर्माण नहीं किए जाने का पूरा दंड वसूल कर लिया। वे 2017 में रिटायर हो गए । इसके बाद फिर उन्होंने अपने प्लॉट का कब्जा लेने के लिए प्रयास किए, लेकिन जीडीए ने उन्हें कब्जा नहीं दिया। 22 मई 2017 को जाकर जीडीए के इंजीनियर ने मौके पर नाम की, तब पता पड़ा की जितनी जगह चाहिए थी, मौके पर उतनी नहीं थी। नपाई में 7.50 चौडाई और 18 मीटर लंबाई पाई गई, जबकि चौडाई 11 मीटर होना चाहिए थी। जीडीए ने वादी को केवल 171 मीटर का कब्जा 3 जून 2017 को दिया, जबकि 198 मीटर कब्जा दिया जाना था। प्रार्थी ने शेष जमीन की मांग की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने प्रकरण को न्यायालय में प्रस्तुत किया और बाजार मूल्य के अनुसार चार लाख रुपए जमीन के दिलाए जाने की मांग की।

जीडीए का कहना था कि प्रार्थी ने 26 साल बाद निर्माण प्रारंभ किया है। इसलिए वह स्वयं ही इसके लिए जिम्मेदार है। सिविल न्यायालय ने प्रार्थी का आवेदन निरस्त कर दिया। इसके खिलाफ उन्होंने इस आदेश के खिलाफ जिला न्यायाधीश की कोर्ट में अपील की, जिसे आंशिक रूप से स्वीकार कर लिया।

मौसमी बीमारी के चपेट में लोग, अस्पतालों में भीड़

ग्वालियर। बदलते मौसम का असर अस्पतालों में साफ तौर से देखने को मिल रहा है। बुधवार को अंचल के सबसे बड़े अस्पताल जयारोग्य चिकित्सालय एवं एक हजार बिस्तर अस्पताल की ओपीडी में लंबी लंबी कतारें दिखाई दी। मौसमी बीमारी के चलते लोग अस्पताल में पहुंच रहे हैं, जिसके चलते मरीजों को ओपीडी में चैक कराने के लिए पर्ची देने लंबी लंबी कतारें लगी दिखाई दी। अस्पताल में बुधवार सुबह से ही बुखार, सर्दी जुकाम सहित मौसमी बीमारी के मरीज डॉक्टरों को दिखाने पहुंचे। चिकित्सकों के कमरों के बाहर मरीजों की लंबी लंबी कतारें लगी हुई थी और मरीज अपने नंबर आने का इंतेजार कर रहे थे।

भाजपा सिर्फ घोषणाएं कर रही है , धरातल पर रिजल्ट शून्य: विधायक

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर

ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 59 में छोटी मडैया में बनने वाली पुलिया एवं सड़क निर्माण के के लिए विधायक डॉ. सतीश सिकरवार एवं क्षेत्रीय पार्षद सरोज हेवरन कंषाना ने भूमिपूजन किया। पुलिया एवं सड़क निर्माण लगभग 58 लाख 70 हजार रुपए की लागत से किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि क्षेत्र का विकास व प्रगति ही मेरे जीवन में लक्ष्य रहा है और आगे भी रहेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम के बाद विधायक डॉ. सिकरवार ने क्षेत्र का भ्रमण किया। जनता की समस्याओं को सुना और तुरन्त संबंधित अधिकारियों से बात कर समस्याओं का निराकरण कराया। भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक डॉ. सिकरवार ने आमजन से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा के राज में विकास का पहिया थम गया है, सिर्फ झूठी घोषणाएं करना भाजपा की आदत में शुमार है। आज-कल जितनी घोषणायें हो रही है, उनके लिये न कोई बजट बनाया गया है और न कोई धरातल पर कार्य नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लगातार गरीबों का हक छीनने का काम कर रही है।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रय अनुबंध पत्र लिख देने वाले पक्ष क्रमांक एक यह विक्रय अनुबंध पत्र लिख देते हैं कि मुझ पक्ष क्रमांक 1 के अधिपत्य एवं मालकी,स्वामित्व, स्वत्व, हक अधिकार का एक कृषि खाता फावड़ा पटवारी हल्का नंबर 47 तहसील सोनकच्छ जिला देवास मध्यप्रदेश में स्थित होकर सर्वे नंबर 187/1/2 रकबा 0.15 हैक्टर एवं सर्वे नंबर 186/2/2 रकबा 0.38 कुल रकबा 0.53 हैक्टेयर भूमि स्थित है। उक्त भूमि शासकीय राजस्व रिकॉर्ड में पक्ष क्रमांक 1 के नाम से दर्ज है का सौदा कर आंशिक राशि का भुगतान अनुबंध कर्ता ने प्राप्त कर लिया है। यदि उक्त संपत्ति पर पारिवारिक वाद विवाद, बटवारा, कब्जा ,सीमांकन ,डिक्री ,कुर्की, संबंधित प्रकरण राजस्व/ सिविल न्यायालय में लंबित होने या शासकीय, अर्द शासकीय बैंक संस्था या व्यक्तिगत बकाया होने अथवा अन्य व्यक्ति के पक्ष में विक्रय इकरारनामा संव्यवहार निष्पादित किया गया है तो प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद म्यआद मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति का ई पंजीयन अपने या अपने प्रतिनिधि के पक्ष में निष्पादित करवा लेवेगा। बाद म्याआद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी एवं उक्त संपत्ति पर प्रथम हक मेरे पक्षकार का माना जाएगा। इति दिनांक 19/7/2023

भवदीय
श्री रवि बालकृष्ण शर्मा
ऑनर्स अधिवक्ता सोनकच्छ
मोबाईल फोन नं 7509857476

कृषि विवि के नाडेफ टांका में बन रही कैचुआ खाद

ग्वालियर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत बल्क वेस्ट जनरेटर वाले स्थानों पर गीले कचरे से खाद बनाने का सयंत्र लगाए गए हैं। इसके तहत कृषि विश्वविद्यालय में भी नाडेफ टांका बनाया गया है। इस नाडेफ टांका में गोबर एवं कृषि विश्वविद्यालय में निकलने वाले गीले कचरे से खाद तैयार की जा रही है। साथ ही किसानों एवं आमजनों को भी अपने घरों पर गीले कचरे से खाद बनाने के तरीके बताएं जा रहे हैं। निगमायुक्त हर्ष सिंह के निर्देशन में शहर में 108 बल्क वेस्ट जनरेटरों का चयन कर उनमें नाडेफ टांका लगाए गए हैं। कृषि विश्वविद्यालय में भी सयंत्र तैयार किया गया है, जहां पर बडी मात्रा में गीले कचरे से खाद बनाई जा रही है। कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख एवं वैज्ञानिक डॉ. राजसिंह कुशवाह ने बताया कि कैचुआ खाद दुनिया की सर्वाधिक श्रेष्ठ खाद है। आमजन गीले कचरे से खाद तैयार कर उससे अपने घर में बागवानी तैयार कर सकते हैं। साथ ही अपने घरों के आसपास पौधे लगाकर उनकी भी देखभाल कर शहर को हराभरा करने में अपना योगदान दे सकते हैं।

बेटियों की रक्षा करने बेटों को दिलाई शपथ

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर

बेटी है तो कल है सामाजिक संस्था द्वारा ईदगाह स्थित सर्वोदय शांति विद्यालय में उत्कृष्ट छात्रा सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि पूर्व सभापति लालजी जादौन, विशिस्ट अतिथि ईसी मेम्बर डॉ. शिवेंद्र सिंह राठौड़, प्राचार्य नारायण सिंह तोमर उपस्थित रहे।

संस्था की पम्मी बानो ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष डॉ. वन्दना भूपेन्द्र प्रेमी ने की सभी अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजन कर छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ शिवेंद्र सिंह ने कहा कि हमारे देश की राष्ट्रपति भी महिला हैं। आज बेटियां देश विदेश में नाम रोशन कर रही है। वही डॉ. वन्दना ने कहा कि हमें स्कूल के बाद भी घर पर पढ़ाई करना चाहिए, जिससे हमारे कॉन्सेप्ट क्लियर होंगे। साथ ही विद्यालय के सभी छात्रों को बेटियों की रक्षा करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर लालजी जादौन ने सभी सम्मानित छात्राओं को बधाई दी एवं जा रही है। संस्था द्वारा निरन्तर किये जा रहे कार्य की प्रशंसा की। उत्कृष्ट छात्रा सम्मान में सुनीता तोमर, सीमा गर्ग, रुचि गर्ग, आस्था श्रीवास्तव, पायल मांझी, कंचन गुप्ता, नैंसी वर्मा, सैफी सिद्दकी, सय्यद अनफासुल अली व गूँजन पाल उपस्थित रही।

दीक्षांत समारोह में सत्र 2021-22 के टॉपर छात्रों को उपाधि, मेडल दिए जाएंगे

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर

जीवाजी विश्वविद्यालय 27 अगस्त को सत्र 2021-22 का दीक्षांत समारोह आयोजित करने जा रहा है। दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेजी से चल रही हैं एवं बैठकों का दौर जारी है। दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है। जहां एक ओर कुलपति प्रो. अविनाश तिवारी, कुलसचिव डॉ. आरके बघेल तैयारियों को लेकर एक्शन मोड़ में हैं। वहीं उनके द्वारा गठित समितियां भी बैठके आयोजित कर रही हैं। इसी के चलते सुरक्षा समिति को लेकर प्रो. एसके सिंह ने बैठक ली। इस दौरान निर्णय हुआ कि दीक्षांत समारोह वाले दिन बाहरी लोगों का सुबह के समय प्रवेश, आना जाना, घूमना वर्जित रहेगा। डिस्टर्स रजुकेशन डिपार्टमेंट के सामने पार्किंग की जाएगी, जबकि एंट्री गोविंदपुरी के सामने वाले गेट से होगी। यह सभी निर्णय सुरक्षा की दृष्टि व प्रोटोकॉल को लेकर लिए गए हैं। बैठक में समिति के सदस्य डॉ. केशव सिंह गुर्जर, डॉ. विमलेन्द्र सिंह राठौर, राकेश सिंह गुर्जर, राजवीर सिंह सेंगर आदि लोग उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जेयू प्रशासन ने दीक्षांत समारोह को लेकर कमेटियों का नए सिरे से गठन किया है।

दिव्यांग क्रिकेटर सूरज मनकेले को ग्लोबल एक्सीलेंस अवॉर्ड

ग्वालियर। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया के खिलाड़ी सूरज मनकेले को ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड 2023 से नवाजा गया। यह अवार्ड नीति आयोग भारत सरकार द्वारा समृद्ध व भव्या फाउंडेशन के तत्वावधान में जयपुर के सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन और ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड समारोह में प्रदान किया गया।

सूरज मनकेले को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके अभूतपूर्व उल्लेखनीय योगदान के लिए यह अवार्ड प्रदान किया गया। सूरज अब तक लगभग 40 अंतरराष्ट्रीय मैचों में देश विदेशों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। और लगभग 100 राष्ट्रीय मैचों में मध्य प्रदेश की ओर से प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। मनकेले दुनिया के 101 मोस्ट इंस्पायरिंग पीपल ऑफ अर्थ में शामिल है। इसके अतिरिक्त वे दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल मध्यप्रदेश का संचालन करते हुए मध्यप्रदेश के क्रिकेट खिलाड़ियों को बुलंदियों पर जाने की ओर अग्रसर है।

PRATAAP SNACKS LIMITED

Yellow Diamond

Registered and Corporate Office: Khasra No. 378/2, Nemawar Road, Near Makrand House, Indore, Madhya Pradesh, 452020, India
Tel: (91 731) 243 9999, Fax: (91 731) 243 7605, CIN: L15311MP2009PLC021746, Website : www.yellowdiamond.in
E-mail: compliance officer@yellowdiamond.in

EXTRACT OF UNAUDITED IND AS FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE 2023

(INR in lakhs except as stated)

PARTICULARS	QUARTER ENDED			YEAR ENDED
	30.06.2023 Unaudited	31.03.2023 Audited (Refer Note 3)	30.06.2022 Unaudited	31.03.2023 Audited
Total revenue from operations	38,782.16	38,662.28	38,257.12	1,65,293.22
Net profit for the period (before Tax, exceptional and/or extraordinary items)	1,796.96	362.86	(1,573.57)	151.28
Net profit for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items)	1,701.05	362.86	(1,573.57)	151.28
Net profit for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items)	1,342.47	2,160.94	(995.73)	2,031.18
Total comprehensive income for the period [comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)]	1,346.26	2,169.39	(979.56)	2,079.15
Paid-up equity share capital - Face value INR 5 each	1,192.97	1,172.65	1,172.65	1,172.65
Other equity (as shown in the audited balance sheet of the previous year)				66,450.66
Earnings per share of INR 5 each (Not Annualised)				
Basic - INR	5.63	9.06	(4.25)	8.51
Diluted - INR	5.63	9.06	(4.25)	8.51

Notes :

1 The above Ind AS financial results of the Company have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 2 August 2023.

2 The Company has determined 'Snacks Food' as the only reportable segment as evaluated by the chief operating decision maker for allocation of resources and for assessing performance. There are no other reportable segments as per Ind AS 108 'Operating Segment'. Accordingly, no separate segment information has been provided.

3 The figures for quarter ended 31 March 2023 are balancing figures between audited figures in respect of full financial year ended 31 March 2023 and the unaudited published year-to-date figures upto 31 December 2022 which were subjected to limited review.

4 The above is an extract of the detailed format of Unaudited Ind AS Financial Results for the quarter ended 30 June 2023, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI(Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of Unaudited Ind AS Financial Results for the quarter ended 30 June 2023 are available on the websites of the Stock Exchange(s) (www.nseindia.com and www.bseindia.com) and on the Company's website (www.yellowdiamond.in).

For **Prataap Snacks Limited**

Place: Indore
Date: 02nd August, 2023

Amit Kumat
Managing Director and Chief Executive Officer

ANIL PUB.